जिला मॉनीटरिंग कमेटी, भीलवाड़ा (राजस्थान)

— : : मीटिंग कार्यवाही विवरण : : —

आज दिनांक **06.07.2023** को जिला एवं सेशन न्यायाधीश, भीलवाड़ा की अध्यक्षता में उनके अवकाशागार में समय 03.00 पी.एम. जिला मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई, जिसमें अधोलिखित संभागी उपस्थित हुए :—

1— **श्री अजय शर्मा**
अध्यक्ष
जिला एवं सेशन न्यायाधीश, भीलवाड़ा

2— **श्री आशीष मोदी**
सदस्य
जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा

3— **श्री आदर्श सिधु**
सदस्य
जिला पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा

4— **सुषमा शर्मा**
सदस्य सचिव
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा

मीटिंग के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तृत विचार—विमर्श कर निर्णय लिये गये —

1— न्यायालय की ओर से जारी किये जाने वाले सम्मन/वारंट की तामील के संबंध में आने वाली समस्यायें व उनके निराकरण के संबंध में सुझाव :—

भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारीगण से प्राप्त सूचनाओं और सुझावों के अनुसार अधिकांश न्यायिक अधिकारीगण ने प्रकरणों के लम्बित होने के मुख्य कारणो में तामील एजेन्सी (पुलिस विभाग) की ओर से साक्षीगण एवं अभियुक्तगण की तामील नही करवाया जाना बताया गया है तथा तामील विधि के प्रावधान के अनुसार नही कराये जाने, तामील अदम तामील भेजने व कई बार न्यायालय द्वारा जारी तामील बाद/अदम पुनः संबंधित न्यायालय को नहीं भेजना बताया गया है। मफरूर अभियुक्तगण के संबंध में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट, जो भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र के विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी किए गये है, उनकी भी त्वरित व प्रभावी तामील नही होना बताया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाडा को मीटिंग के दौरान सम्मन/वारंट की तामील में आ रही उक्त समस्याओं से अवगत कराते हुये इस संबंध में समुचित व प्रभावी कार्यवाही कर संबंधित को दिशा निर्देश जारी करने हेतु अवगत कराया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा भी न्यायालय की ओर से जारी सम्मन/वारंट की तामील बाबत आने वाली समस्याओं व उनके निराकरण के संबंध में अपनी रिपोर्ट/सुझाव में यह अंकन किया है कि अन्य जिलो/राज्यो की तामीले सीधे ही सक्षम अधिकारी को प्रेषित की जाये, तामील शत प्रतिशत करवाने हेतु उन पर गवाह/मुल्जिम का पूर्ण नाम व पता अंकित किया जाये, तामीलों पर अपराध धारा का अंकन किया जावे ताकि अपराध की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीकारी/कर्मचारियों को साक्ष्य पर उपस्थित होने हेतु स्वीकृति ली जाने में दिक्कत ना आवे, जिला मुख्यालय पर आने वाले कोर्ट मुंशी को उसके थाना क्षेत्र की स्थानीय तामीले देने पर तामील तारीख पेशी से पूर्व होकर उससे समय व श्रम की बचत होगी, एवं तामील की तारीख पेशी नजदीक नहीं दी जाये। साथ ही यह भी निवेदन किया

गया कि न्यायालय से प्राप्त तामील की अदम तामील की सूरत में न्यायालय कर्मचारियों के द्वारा प्राप्ति रसीद दिलाई जाये।

इस संबंध में सदस्य सचिव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), भीलवाडा को निर्देशित किया जाता है कि वे तामील पर गवाह/अभियुक्त का पूर्ण नाम, पता आदि विवरण अंकित करने के साथ ही प्रकरण से संबंधित धाराओं का अंकन करने, आवक–जावक रजिस्टर में जारीशुदा तामील का अंकन करने, तामील देने से पूर्व संबंधित पुलिसकर्मी की प्राप्ति रसीद लेने एवं रसीद बाबत पुलिसकर्मी द्वारा लघु हस्ताक्षर करने पर उसका नाम, पदनाम आदि का विवरण अंकित करने हेतु इस न्यायक्षेत्र के समस्त पीठासीन अधिकारीगण को जरिये पत्र निर्देशित किया जाये।

2– न्यायालय से कितने स्थाई गिरफ्तारी अधिपत्र जारी हुये हैं और कितने मामले में स्थाई गिरफ्तारी अधिपत्र में क्रमांक संबंधित पुलिस थानों से प्राप्त नहीं हुये हैं :–

जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा की रिपोर्ट दिनांकित 12.12.2022 मय संलग्न सूची के अनुसार भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र से संबंधित कुल **6159** स्थाई गिरफ्तारी वारंट लम्बित होना बताया गया है। जबकि इस न्यायक्षेत्र के न्यायालयों से प्राप्त सूचना के अनुसार भीलवाडा न्यायक्षेत्र में कुल **8465** स्थाई गिरफ्तारी वारंट की तामील लम्बित होना शेष बताया गया है, जिनकी सूची इस मीटिंग कार्यवाही विवरण के साथ **परिशिष्ठ 01** के रूप में सलंग्न है । इस प्रकार स्थाई गिरफ्तारी वारण्ट वाले अभियुक्तगण के संबंध में न्यायालयों से प्राप्त सूचना व जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा से प्राप्त सूचना में विसंगति/असमानता है। अतः लंबित स्थायी गिरफ्तारी वारंट के संबंध में समस्त न्यायालयो से प्राप्त सूचनाओं की सूची **परिशिष्ठ 01** जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को उक्तानुसार लंबित स्थाई गिरफ्तारी वारंट की विसंगति/असमानता को दूर करने एवं उनका शीघ्र निस्तारण करने हेतु दी जावे।

3– आरोप पत्र प्रस्तुत करते समय अभियुक्त/साक्षीगण के मोबाईल नम्बर/ई–मेल पता/स्थायी टेलीफोन नम्बर/वाट्सएप नम्बर/सम्पूर्ण स्थाई व अस्थाई पता अंकित किया जाना है अथवा नहीं :–

मीटिंग के दौरान प्रकरणों के सम्मन/वारण्ट/नोटिस की तामील मोबाईल/ई–मेल व अन्य टेक्नोलॉजी के द्वारा भी प्राथमिकता के तौर पर भी करवाए जाने पर बल दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने इस प्रकार के प्रकरणो की प्रभावी तौर पर तामील कराए जाने का आश्वासन भी कमेटी को दिया। पुलिस अधीक्षक ने यह आश्वासन दिया कि आरोप पत्र प्रस्तुत करते समय अभियुक्तगण/साक्षीगण के मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., फिक्स टेलीफोन नम्बर, वाट्स–अप नम्बर व सम्पूर्ण पता आरोप पत्र में अंकित कराये जाने हेतु संबंधित समस्त थानाधिकारियों को निर्देश दिये जा रहे हैं । साक्षीगण का स्थाई पता भी आरोप पत्र में अंकित करवाया जावेगा।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायिक दृष्टान्त 1997 (2), आर सी डी पेज 377 जेसराम बनाम राजस्थान राज्य में अभिनिर्धारित सिद्धान्त के अनुरूप सूची साक्षीगण में अभियोजन स्वीकृति जारी करने वाले का नाम भी दर्ज किए जाने के सम्बन्ध में जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा थानाधिकारियों को आदेश प्रसारित करे और इस सम्बन्ध में कमेटी के सदस्य सचिव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), भीलवाड़ा को भी यह निर्देशित किया गया कि वे भीलवाड़ा स्थित न्यायालयों विशेषकर न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालयों को इस सम्बन्ध में पत्र जारी करे कि अभियोजन स्वीकृति जारीकर्ता का नाम सूची साक्षीगण में होने की सुनिश्चितता स्पष्ट करें और इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करे।

माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों में विशेषकर 10 वर्ष से पुराने प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिशा निर्देश दिए है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक का ध्यान **महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर**

के परिपत्र क्रमांक सी.आई.डी./सी.बी./पी आर सी/परिपत्र/2019/3435–3512 दिनांक 11.02.2019 की ओर आकर्षित करते हुये उन्हें इस संबंध में सम्बन्धित थानाधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

4– आयुध अधिनियम की धारा 39 के तहत जिला कलेक्टर द्वारा या अन्य प्रकरणों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभियोजन स्वीकृति जारी होती है या नही ऐसे प्रकरणों की सूची जिनमें अभियोजन स्वीकृति परिसीमा अवधी में प्रेषित नही की गई :–

पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने अपनी रिपोर्ट में ऐसे 8 प्रकरण दर्शाये है। भीलवाडा न्यायक्षेत्र के न्यायाधिकारियों ने भी इस बिन्दु से संबंधित सूचना शून्य होना बताया है।

5– पांच वर्ष व उससे अधिक पुराने प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में तामील करवाये जाने के सम्बन्ध में समस्या व सुझाव :–

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 05 वर्ष व उससे अधिक पुराने प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के संबंध में तामील करवाये जाने के संबंध में अपनी रिपोर्ट में यह अंकन किया है कि इन प्रकरणों की तामीलों में गवाह/मुल्जिम का पूर्ण नाम व पता नहीं होने से तामील कराने में समस्या आ रही है तथा राज्य कर्मचारी/पुलिस कर्मचारी के स्थानान्तरण होने से अन्य जिलों में तामील करवाने जाने में भी समस्या रहती है तथा यह सुझाव दिया है कि एक प्रकरण में समान प्रकृति के दो गवाह होने पर एक गवाह के बयान होने पर दूसरे गवाह को तर्क कर दिया जाये तो समय व श्रम के बचाव के साथ प्रकरण के निस्तारण में सहायक होगा।

प्रकरणों के सम्मन/वारण्ट/नोटिस पर अभियुक्त/गवाह का पूर्ण नाम व पता अंकित करते हुये तामील मोबाईल/ई–मेल व अन्य टेक्नोलॉजी के द्वारा भी प्राथमिकता के तौर पर भी करवाए जाने पर बल दिया गया। माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों में विशेषकर 10 वर्ष से पुराने प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिशानिर्देश दिए है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा का ध्यान **महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक सी.आई.डी./सी.बी./पी आर सी/परिपत्र/2019/3435–3512 दिनांक 11.02.2019** की ओर आकर्षित करते हुये उन्हें इस संबंध में सम्बन्धित थानाधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

6– दिनांक 31.03.2023 तक न्यायालय में लम्बित अन्तिम प्रतिवेदनों की संख्या तथा अन्तिम प्रतिवेदन के संबंध में समस्या व सुझाव :–

मीटिंग में लिये गये निर्णयों एवं अन्तिम प्रतिवेदन पर विचार विमर्श के दौरान पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा की ओर से अपनी रिपोर्ट में यह अवगत कराया कि जिले में पेण्डिंग चालान **2075** व पेण्डिंग एफ.आर. **1706** है तथा सुझाव के रूप में यह अंकित किया है कि थानाधिकारी द्वारा संबंधित न्यायालय में चालान व एफ.आर. पेश किये जाने पर स्वीकार की जाये। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानाधिकारियों को शीघ्र ही पत्र जारी कर निर्देश दिये जायें कि परिवादी के साथ ही न्यायालय में एफ.आर. पेश की जावे।

इस न्यायक्षेत्र से प्राप्त संकलित सूचना **(सलंग्न परिशिष्ठ 02)** के अनुसार वर्तमान में कुल **4976** एफ.आर. लंबित हैं, जिनमें त्वरित गति से कार्यवाही कर शीघ्र निस्तारण करने हेतु समस्त पीठासीन अधिकारियों को जरिये पत्र सदस्य सचिव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), भीलवाडा द्वारा निर्देशित किया जाये। **(परिशिष्ठ 02)** की प्रति सदस्य सचिव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), भीलवाडा को उपलब्ध कराई गई।

अनुसंधान उपरान्त अंतिम प्रतिवेदन किए जाते समय जिस अधिकारी द्वारा नतीजा स्वीकृत किया जाता है, वो सामान्यतया अनुसंधानाधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को स्वीकार कर नतीजा पेश करने के लिए स्वीकृति प्रदान करते हैं, जबकि यह प्रतीत हुआ है कि कई मामले में तो आवश्यक बिन्दुओं पर अनुसंधान भी नहीं किया जाता है, जिस कारण पत्रावली अग्रिम अनुसंधानार्थ प्रेषित किए जाने से प्रक्रियात्मक विलम्ब होता है। अतः पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरणों में पूर्ण अनुसंधानोपरांत ही नतीजा स्वीकृत कर पेश करने बाबत् निर्देशित किया जा सकता हें

न्यायालय के समक्ष अंतिम प्रतिवेदन पेश किए जाने के समय परिवादी को या तो सूचित ही नहीं किया जाता या पूर्व में ही उसके नोटिस पर हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं, जबकि धारा 173(2)(ii) दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानानुसार अनुसंधान पूर्ण होने पर परिवादी को सूचित किया जाना अपेक्षित है, अतः पुलिस अधीक्षक द्वारा इस संबंध में सम्यक् कार्यवाही कर व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा सकती है।

7— न्यायालय में लंबित प्रथम सूचना रिपोर्ट जिनमें नतीजे पेश नहीं हुये हैं :—

मीटिंग में पुलिस अधीक्षक भीलवाडा द्वारा प्रेषित सूचना मय सलंग्न सूची के अनुसार कुल **3781** प्रथम सूचना रिपोर्ट से संबंधित प्रकरणों में नतीजे पेश नहीं होना बताया गया है। भीलवाडा न्यायक्षेत्र के न्यायालयों से प्राप्त सूचना **(परिशिष्ठ 03)** अनुसार इस न्यायक्षेत्र में कुल **7830** प्रथम सूचना रिपोर्ट में नतीजा पेश नही हुआ है। इस संबंध में विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त सूचनाओं की सूची **(परिशिष्ठ 03)** पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को दी जावे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक भीलवाडा द्वारा प्रेषित सूची व अन्य न्यायालयो द्वारा प्रेषित सूचनाओं में भी विसंगति/असमानतायें पाई गई है। इस संबंध में भीलवाडा न्यायक्षेत्र के न्यायालयों से प्राप्त सूचनाओं की सूची **परिशिष्ठ 03** पुलिस अधीक्षक भीलवाडा को आवश्यक कार्यवाही करने व उक्त विसंगति/असमानता दूर करने हेतु दी जाये।

उक्त सूचनाओं के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि काफी पुरानी कई प्रथम सूचना रिपोर्ट्स में भी नतीजा अभी तक प्रस्तुत नही हुआ है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक भीलवाडा संबंधित थानाधिकारियों को शीघ्र ही पत्र जारी कर निर्देश देते हुये नतीजा शीघ्र ही न्यायालय में प्रस्तुत करने बाबत् आवश्यक कार्यवाही करे और समय—समय पर इसकी मोनिटरिंग की जावे कि कोई भी एफआईआर बिना नतीजा के अनावश्यक लम्बित न रहे।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्ष 2021 से पुरानी समस्त प्रथम सूचना रिपोर्ट की सूचना संबंधित थानो से मंगाई जाकर उनमें शीघ्र नतीजा प्रस्तुत करने के बाबत् कार्यवाही करे।

8— पुलिसकर्मियों की तामील के सम्बन्ध में समस्या व सुझाव :—

न्यायिक अधिकारीगण से प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिसकर्मी एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित होने पर उसकी तामील नही हो पाती है। अतः पुलिसकर्मियों के मोबाईल नम्बर व वाट्स अप नम्बर गवाह सूची में दर्ज करवाये जावे व पुलिसकर्मियों के स्थानान्तरण का रेकार्ड वेबसाईट पर नियमित रूप से अपडेट किया जावे।

9— धारा 173 (8) सी.आर.पी.सी. के संबंध में जिन मामलों में अनुसंधान लंबित है, उनका विवरण :—

कमेटी द्वारा इस बात पर भी बल दिया गया कि प्रायः थानाधिकारियों द्वारा कुछ अभियुक्तगण के खिलाफ चालान पेश किया जाता है तथा कुछ अभियुक्तगण के विरूद्ध अनुसंधान धारा 173(8) द.प्र.सं. के तहत लम्बित रख दिया जाता है तथा उपस्थित अभियुक्तगण के प्रकरण में कुछ साक्ष्य होने के पश्चात तितम्बा आरोप पत्र प्रस्तुत करने पर परीक्षित साक्षीगण को पुनः तलब करने पर न्यायालय का समय खराब होता है। साक्षीगण को

भी परेशानी होती है तथा राज्य सरकार पर अनावश्यक वित्तीय भार पड़ता है। पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा संपूर्ण आरोप पत्र एक साथ पेश करने व लम्बित धारा 173(8) सी.आर.पी. सी. के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने बाबत् प्रभावी आवश्यक कार्यवाही करे। पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा प्रस्तुत सूचना मय सूची अनुसार ऐसे कुल **165** प्रकरण लम्बित होना दर्शाया गया है। जबकि भीलवाडा न्यायक्षेत्र के न्यायालयों से प्राप्त सूचना अनुसार इस न्यायक्षेत्र के विभिन्न न्यायालयों में ऐसे कुल **112** प्रकरणो में धारा 173 (8) द.प्र.सं. के तहत अनुसंधान लम्बित है, जिनके सम्बन्ध में विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त सूची **परिशिष्ठ 04** जिला पुलिस अधीक्षक को दी जावे।

न्यायिक अधिकारीगण ने अपनी रिपोर्ट में यह भी अवगत कराया है कि अनुसंधान के विलम्ब से बचने के लिए अधिकांश अधिकारी तफ्तीश को धारा 173(8) द.प्र.सं. के तहत अपूर्ण रख देते है जिससे न्यायालय कार्यवाही में विघ्न उत्पन्न होता है, साथ ही थानाधिकारियों द्वारा चालान के साथ–साथ एफ.एस.एल की रिपोर्ट अथवा अभियोजन स्वीकृति के आदेश भी प्रस्तुत नही किये जाते है।

समाधान स्वरूप जिला पुलिस अधीक्षक इस संबंध में प्रभावी कार्यवाही कर पूर्ण चालान प्रस्तुत करावे तथा संबंधित को अर्द्धशासकीय पत्र जारी कर एफ.एस.एल. रिपोर्ट समय पर न्यायालय में प्रस्तुत करावे तथा **महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के परिपत्र (ज्ञापन) क्रमांक 3854–3929 दिनांक 13.02.2019** की पालना के तहत धारा 173 (8) द.प्र.सं. के तहत लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

10– पुलिस थानों में रखे गये माल के निस्तारण के संबंध में व न्यायालय में पुलिस द्वारा पेश किये गये माल की प्राप्ति के संबंध में :–

मीटिंग के दौरान मालखाना निस्तारण के परिप्रेक्ष्य में राजस्थान कोषागार नियम के नियम 122(2) के बारे में जिला कलेक्टर भीलवाड़ा से विस्तृत चर्चा की गई। मूल्यवान मालखाना संबंधित जिला कोषागार में जमा कराए जाने बाबत् नियमों के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिला कलेक्टर ने शीघ्र अद्यतन नियमों की जानकारी कर आगामी मीटिंग में समाधान प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया कि पुलिस थाने में रखे माल का न्यायालय में साक्ष्य के दौरान आर्टिकल होने पर निस्तारण आदेश जारी किये जाये।

इसके साथ ही न्यायिक अधिकारीगण ने यह भी अवगत कराया कि अंवीक्षा के दौरान गवाह आ जाते है लेकिन संबंधित थाने से माल प्रस्तुत नही किया जाता है, जिससे माल के अभाव में गवाहान के बयान कराया जाना संभव नही हो पाता है। इसके साथ ही प्रकरण में एफ.एस.एल. रिपोर्ट समय पर नही आ पाती है।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सुंदर भाई अम्बालाल देसाई प्रकरण स्पेशल लीव पीटीशन संख्या 2747/02 में पारित निर्णय दिनांक 02.10.2002 के तहत शीघ्र ही थानो में जब्त माल का निस्तारण कराया जावे व पालना रिपोर्ट प्रेषित की जावे। यह उल्लेखनीय है कि भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र में रेती बजरी के अवैध खनन के समाचार प्रकाशित होते है तथा पुलिस द्वारा रेती बजरी जब्त की जाती है लेकिन उसका निस्तारण नही होता है जिससे राजकीय कोष को हानि हो रही है व थाने में भी अनावश्यक रेती पड़ी रहती है व खुर्द बुर्द होती है। अतः रेती बजरी का निस्तारण नियमानुसार करवाये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जाकर उन्हें इस बाबत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। सदस्य सचिव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), भीलवाड़ा, न्यायिक मजिस्ट्रेटों से बजरी रेती कौन कौन से प्रकरणों में जब्त हुई, उनकी सूची मंगवाकर रिपोर्ट करेंगे ताकि तद्नुरूप कार्यवाही की जा सके।

11— संज्ञेय अपराध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के संबंध में :—

भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र में न्यायिक अधिकारीगण से वार्ता एवं उनकी रिपोर्ट के दौरान यह तथ्य ध्यान में आया कि पुलिस/संबंधित थानाधिकारी द्वारा संज्ञेय अपराधों में भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नही की जाती है व परिवादी को टाल दिया जाता है। तत्पश्चात परिवादी द्वारा पुलिस अधीक्षक को भी रिपोर्ट दर्ज कराये जाने हेतु लिखित में निवेदन किया जाता है किन्तु फिर भी धारा 154(3) द.प्र.सं. के अंतर्गत एफआईआर दर्ज नही की जाती है जिस पर परिवादी मजबूरीवश न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करता है। इसके साथ परिवादी द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की गई रिपोर्ट व पावती पेश की जाती है। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में यह अंकित किया गया है कि संज्ञेय अपराध की रिपोर्ट प्राप्त होते ही धारा 154 सी.आर.पी.सी. में प्रकरण पंजीबद्ध किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा **महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के ज्ञापन क्रमांक सीआईडी/सीबी/पीआरसी/परिपत्र /2019/3854—3929 दिनांक 13.02.2019** की पालना सुनिश्चित करावे।

इस प्रकार ऐसे मामले में जिनमे प्रथम दृष्टतया संज्ञेय अपराध घटित होना प्रतीत होता है उनमें भी पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है जिससे न्यायालय में बहुत संख्या में आपराधिक परिवाद पेश होते हैं जबकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ललिता कुमारी बनाम यू.पी. राज्य (2014) 2 एस.सी.सी.1 के मामले में संज्ञेय मामलों में धारा 154 द. प्र.सं. के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करना आज्ञापक बताया गया है।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 01, भीलवाडा व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 02, भीलवाडा से प्राप्त सूचना अनुसार संज्ञेय मामलों में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है, जिससे न्यायालय में बहुसंख्या में आपराधिक परिवाद पेश होते है, जबकि संज्ञेय मामलों में धारा 154 दण्ड प्रकिया संहिता के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करना आज्ञापक हैं। धारा 154(1) व धारा 154(3) दण्ड प्रकिया सहिता के अनुसार पुलिस थाना व पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होने वाले परिवाद/रिपोर्ट लम्बे समय तक जांच हेतु लंबित रहते है, जबकि जांच भी 15 दिवस के भीतर पूर्ण कर यदि संज्ञेय अपराध बनना प्रकट होता है तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया जाना आवश्यक हैं।

वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रियंका श्रीवास्वत बनाम यू.पी. राज्य (2015) 6 एस.सी.सी. 287 के मामले में प्रतिपादित न्यायिक मत एवं साधारण नियम (सिविल एवं दाण्डिक), 2018 के आदेश 35 नियम 03 की पालना में परिवादी पक्ष द्वारा न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किये जाने से पूर्व धारा 154 (1) व 154 (3) द.प्र.सं. के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित की जा रही है । न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत परिवाद के संबंध में संबंधित पुलिस थाना परिवाद पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट तलब की जाती है तो लंबे समय तक परिवाद जॉच के प्रक्रम पर ही संबंधित थाने पर लंबित रहना सूचित किया जाता है जबकि संज्ञेय प्रकृति के विशिष्ठ मामलों में प्रारंभिक जॉच हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रिमिनल मिस. पिटीशन नं. 5029/2014 (रिट पिटीशन नं. 68/2008 ललिता कुमारी बनाम यू.पी. राज्य) में पारित आदेश दिनॉक 05.03.2014 से 15 दिवस का समय प्रदत्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक भीलवाडा द्वारा संज्ञेय प्रकृति के विशिष्ठ मामले जिनमें प्रारंभिक जॉच आवश्यक है, उनमें 15 दिवस की अवधि में जॉच पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कर यदि संज्ञेय अपराध घटित होता हो तो पुलिस थाना स्तर पर ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना जाना सुनिश्चित किया जावे।

विशिष्ठ प्रकृति से भिन्न संज्ञेय मामलों में पुलिस थाने पर रिपोर्ट/परिवाद प्रस्तुत किये जाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया जाना पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करा सकते हैं।

12— धारा 202 दण्ड प्रक्रिया संहिता की जॉच के संबंध में ऐसे प्रकरण जिनमें न्यायालय द्वारा धारा 202 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत जॉच के लिये पुलिस को भेजा गया व पुलिस के द्वारा निर्धारित समय में जॉच करके पत्रावली प्रस्तुत नहीं की गई, से संबंधित प्रकरणों का विवरण :—

भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारीगण से प्राप्त सूचना के अनुसार ऐसा पाया गया है कि धारा 202 द.प्र.सं. के अंतर्गत न्यायालय जॉच के लिए प्रकरण पुलिस को भेजती है तो पुलिस निर्धारित समयावधि में जॉच कर वापस न्यायालय को नही भेजती है और अनावश्यक लम्बे समय तक जॉच पत्रावली न्यायालय में चलती रहती है जिससे परिवादी को धारा 156(3) द.प्र.सं. के अन्तर्गत न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करना पड़ता है और कई बार प्रकरण में तुरन्त अन्वेषण की आवश्यकता होती है। विलम्ब से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने से अनावश्यक विवाद व पेचीदगिया उत्पन्न हो सकती है तथा कानूनी जटिलताएं बढ सकती है। इस सबंध में पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा कुल **134** जॉच लंबित होने की सूचना प्रेषित की गई है । जबकि इस न्यायक्षेत्र के न्यायालयों से प्राप्त सूचनाओं अनुसार भीलवाडा न्यायक्षेत्र में ऐसी कुल **263** जॉच लंबित है। इस प्रकार पुलिस एजेंसी द्वारा प्रदत्त सूचना एवं इस न्यायक्षेत्र के न्यायालयों द्वारा प्रेषित सूचना में विसंगति/असमानता है । पुलिस अधीक्षक भीलवाडा को इस न्यायक्षेत्र के न्यायालयों द्वारा इस बिंदु के संबंध में प्रेषित सूचनाओं की सूची **परिशिष्ठ 05** उक्त विसंगति/असमानता दूर करने हेतु दी जावे। पुलिस अधीक्षक भीलवाडा इस संबंध में कार्यालय **महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक 9727—98 दिनांक 10.05.2019** के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये संबंधित थानाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देवें।

अति. महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान के परिपत्र क्रमांक सीआईडी/सीबी/पीआरसी/परिपत्र/2019/6659— 6729 दिनांक 27.03.2019 की पालना की जाकर निर्धारित रजिस्टर में इसका इन्द्राज किया जाकर जॉच को निर्धारित एक माह में पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में संबंधित थानाधिकारियों व सम्बन्धित व्यक्तियों को निर्देशित किये जावे और 03 माह से अधिक अवधि से लम्बित धारा 202 द.प्र.सं. की जॉचों की समीक्षा की जाकर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जावे।

13— धारा 164 द.प्र.सं. के बयान के सम्बन्ध में समस्या व सुझाव :—

पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने अपनी रिपोर्ट में धारा 164 सी.आर.पी.सी. के बयान हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में नजदीकी दिनांक दी जाकर थाने के क्षेत्राधिकार के न्यायाधीश के नाम आदेश जारी करने व बयान होते ही प्रमाणित प्रति दिलाये जाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में सदस्य सचिव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), भीलवाडा ने अवगत कराया कि 164 सी.आर.पी.सी. के बयान लेखबद्व करने हेतु लिंक मजिस्ट्रेट के आदेश जारी कर दिये गये हैं।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा डोंगर सिंह बनाम राजस्थान राज्य क्रिमीनल अपील संख्या 2545—46/2017 व नारायन चन्देला व अन्य बनाम राजस्थान राज्य क्रिमीनल अपील संख्या 2547/17 में पारित निर्णय में चश्मदीद गवाहान के धारा 164 द.प्र.सं. के बयान कराये जावे।

न्यायालय द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार धारा 164 के बयान के समय परिवादी की पहचान के लिए अनुसंधान अधिकारी उपस्थित नहीं होता है अतः पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया जाता है कि वे समस्त अधिकारीगण को 164 के बयान के समय परिवादी की पहचान के लिए उपस्थित रहने हेतु पाबंद करें।

14— आयुध अधिनियम, आबकारी अधिनियम व अन्य अधिनियमों के मामले में आरोप पत्र पेश करने के सम्बन्ध में समस्या व सुझाव :—

मीटिंग के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया, जिसके अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने अपनी रिपोर्ट में यह बताया है कि आयुध अधिनियम के मामले में अभियोजन स्वीकृति के अभाव में चालान पेश नही हो पाता है, अतः आर्म्स एक्ट के साथ अन्य अधिनियम है तो अन्य अधिनियम के तहत तारीख पेशी पर चालान स्वीकार किया जावे एवं अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होते ही न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जावेगी। इसी प्रकार आबकारी अधिनियम के तहत तारीख पेशी पर चालान स्वीकार किये जायें। इस पर न्यायिक अधिकारीगण की रिपोर्ट के अवलोकन से जाहिर होता है कि ऐसे प्रकरणो में चालान होने पर एक या कुछ ही अभियुक्त के विरूद्ध चालान पेश किया जाकर अन्य अभियुक्तगण के विरूद्ध चालान लम्बित रख दिया जाता है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण नही हो पाती है। पुलिस विभाग व आबकारी विभाग द्वारा ऐसे प्रकरणों में चालान पेश करते समय पूर्ण वैधानिक पालना नही की जाती है जिससे चालान लेने में परेशानी होती है। अभियोजन स्वीकृति के अभाव में प्रसंज्ञान लेने मे भी विशेष बाधा आती है। इस सम्बन्ध में भी पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करावें।

आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध के मामलों में परिसीमा अवधि के अवसान के उपरांत धारा 67(2) राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत राज्य सरकार से विशेष स्वीकृति प्राप्त किये बिना आरोप पत्र प्रस्तुत किये जाते हैं, ऐसे मामलों में पुलिस अधीक्षक स्तर से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि परिसीमा अवधि के अवसान के उपरांत राज्य सरकार की विशेष स्वीकृति के उपरांत ही न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये जावें।

भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र के अधिकारियों से प्राप्त सूचना व विचार विमर्श से यह स्थिति सामने आई है कि आबकारी अधिनियम के प्रकरणों में चालान के समय एफ. एस.एल.रिपोर्ट पुलिस द्वारा प्रस्तुत नहीं की जाती है जिससे यह स्पष्ट नही होता है कि जो सामग्री जब्त की गई वह शराब या आबकारी योग्य वस्तु है या नही। ऐसी स्थिति में एफ.एस.एल.रिपोर्ट प्राप्त करके चालान प्रस्तुत किया जावे और यदि प्रसंज्ञान अवधि निकल रही हो तो ऐसी स्थिति में उक्त अवधि समाप्ति से पूर्व ही न्यायालय में विशेष परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए चालान प्रस्तुत किया जावे तथा इस सम्बन्ध में थानाधिकारी चालान के साथ यह अण्डरटेकिंग देंगे की उनके द्वारा उल्लेखितानुसार एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्राप्त करने के प्रयास किये है और उनके द्वारा एफ एस एल रिपोर्ट प्राप्त करने के प्रयास कर शीघ्र एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जावेगी । तद्नुरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट चालान ले सकेंगे। इस संबंध में सदस्य सचिव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), भीलवाड़ा को निर्देशित किया गया कि वे न्यायिक मजिस्ट्रेटो को इस सम्बन्ध में अवगत करावे।

15– अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होने अथवा नहीं होने के संबंध में समस्या, सुझाव :–

पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा अपनी रिपोर्ट में यह अंकित किया गया है कि ऐसे प्रकरणों में जिला कलेक्टर/राज्य सरकार से धारा विशेष में अभियोजन स्वीकृति समय पर प्राप्त न हो तो उन प्रकरणों में लगी अन्य धाराओं/अधिनियम में चालान स्वीकार किया जावे, भविष्य में अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होते ही न्यायालय में पेश कर दी जायेगी।

मीटिंग के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा यह भी बताया है कि आयुध अधिनियम के मामले में अभियोजन स्वीकृति के अभाव में चालान पेश नही हो पाता है, अतः आर्म्स एक्ट के साथ अन्य अधिनियम है तो अन्य अधिनियम के तहत तारीख पेशी पर चालान स्वीकार किया जावे एवं अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होते ही न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जावेगी। इसी प्रकार आबकारी अधिनियम के तहत तारीख पेशी पर चालान स्वीकार किये जायें। इस पर न्यायिक अधिकारीगण की रिपोर्ट के अवलोकन से जाहिर होता है कि ऐसे प्रकरणो में चालान होने पर एक या कुछ ही अभियुक्त के विरूद्ध चालान पेश किया जाकर अन्य अभियुक्तगण के विरूद्ध चालान लम्बित रख दिया जाता है, जिससे न्यायिक प्रक्रियां पूर्ण नही हो पाती है। पुलिस विभाग व आबकारी विभाग द्वारा ऐसे प्रकरणों में चालान पेश

करते समय पूर्ण वैधानिक पालना नही की जाती है जिससे चालान लेने में परेशानी होती है। अभियोजन स्वीकृति के अभाव में प्रसंज्ञान लेने मे भी विशेष बाधा आती है। इस सम्बन्ध में भी पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करावें।

16— विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के संबंध में समस्या व सुझाव :—

पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा अपनी रिपोर्ट में दर्शाया गया कि जिन प्रकरणों में एफ.एस.एल.नतीजा रिपोर्ट समय पर प्राप्त नही होती है उन प्रकरणों में एफ.एस.एल.रिपोर्ट मंगवाने हेतु समय समय पर अर्द्धशासकीय पत्र लिखे जा रहे है तथा एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्रस्तुत होते ही न्यायालय में प्रस्तुत की जाती है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ऐसे कुल **66** प्रकरण लम्बित होना बताया गया है जिसकी सूची साथ में संलग्न होना बताया है किन्तु इस न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार ऐसे कुल प्रकरण **465** बताये गये है। जिसकी सूची **परिशिष्ठ 06** है।

17— वन अधिनियम, आयुध अधिनियम व अन्य अधिनियमों के अपराध के संबंध में ऐसे प्रकरणों के विवरण जिनमें आरोप पत्र पेश होने की परिसीमा अवधि निकल चुकी हो और उनमें आरोप पत्र पेश नहीं हुये हों :—

जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा इस बिंदु के संबंध में कुल 10 प्रकरण लंबित बताये है किन्तु इस न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार ऐसे कुल प्रकरण **102** बताये गये है। इस सम्बन्ध में न्यायिक अधिकारीगण भीलवाड़ा द्वारा प्रस्तुत की गई सूची की प्रति **परिशिष्ठ 07** पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को भिजाई जावे एवं पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा सभी सम्बन्धित थानाधिकारी से सही सूचना प्राप्त करे।

आबकारी अधिनियम के तहंत दण्डनीय अपराध के मामलों में परिसीमा अवधि के अवसान के उपरांत धारा 67(2) राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत राज्य सरकार से विशेष स्वीकृति प्राप्त किये बिना आरोप पत्र प्रस्तुत किये जाते हैं, ऐसे मामलों में पुलिस अधीक्षक स्तर से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि परिसीमा अवधि के अवसान के उपरांत राज्य सरकार की विशेष स्वीकृति के उपरांत ही न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये जावें।

18— न्यायिक अभिरक्षा मे चल रहे अभियुक्तगण के प्रकरणों में त्वरित निस्तारण के संबंध में समस्या व सुझाव :—

इस बिन्दु पर भी मीटिंग में विचार—विमर्श किया गया एवं वार्ता की गई। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कोई अंकन नही किया गया है। न्यायिक अधिकारीगण द्वारा पेश अपनी रिपोर्टो में अंकन किया गया है कि ऐसे प्रकरणो में साक्षी समय पर उपस्थित नही होते है, पुलिस कर्मियों की तामील समय पर नही होती है। अभियुक्तगण का तारीख पेशी पर नही आ पाना भी एक जटिल समस्या दर्शाई गई है जिसके कारण अभियुक्तगण पर आरोप विरचित करने में भी अनावश्यक विलम्ब होता है। इस सम्बन्ध में निराकरण हेतु यह भी दर्शाया गया है कि जारीशुदा तामीलों बाबत पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा अपने स्तर पर एक पुलिस निरीक्षक को नियुक्त कर साप्ताहिक रिपोर्ट उनसे ली जानी चाहिए, न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे अभियुक्तगण को नियत पेशी पर उपंस्थित रखे जाने हेतु निर्देशित किया जाना चाहिए। सारभूत गवाह को सबसे पहले तलब किया जावे तथा जिन गवाहो के बयान महत्वपूर्ण नही हो उन्हें अभियोजन अधिकारी द्वारा तर्क किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तामील हेतु स्पेशल टास्क फोर्स के गठन का भी सुझाव दिया गया हैं।

19— धारा 125 द.प्र.सहिता के अन्तर्गत भरण पोषण की राशि की वसूली के संबंध में आ रही समस्या और उनके निराकरण हेतु सुझाव :—

पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने अपनी रिपोर्ट में यह अंकन किया है कि जिस व्यक्ति से भरण पोषण की राशि वसूल की जानी है वह न्यायालय से जारी वसूली वारण्ट पर अंकित पते पर नही मिलने के कारण तामील कराने मे समस्या रहती है। इस न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार राशि की वसूली के संबंध में अधिवक्तागण द्वारा प्रोसेस फीस प्रस्तुत नही किये जाने से तामील जारी नही हो पाती है जिससे प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब होता है। अधिकतर प्रकरणों में भरण पोषण की राशि वसूल नही हो पाने का यही कारण दर्शित किया जाता है। अदम अदायगी की सूरत में अप्रार्थी को कारावास भुगताया जाने के उपरान्त भी राशि वसूल नही हो पाती है। प्रकरणों में विपक्षी पर वारण्ट वसूली विपक्षी द्वारा अपना पता बदल लिये जाने से अथवा कमाने हेतु बाहर चले जाने से तामील नही हो पाती है। इसके सुझाव में यह भी अंकित किया है कि प्रार्थी द्वारा विपक्षी का वर्तमान पता न्यायालय को अवगत कराया जावे तो वारण्ट वसूली की तामील हो सके।

20— धारा 420, 467, 468, 471 भा.द.सं. के अपराध के मामलो में अनुसंधान एजेन्सी द्वारा हस्तलेख के नमुने लेकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भिजवाने के संबंध में अनुसंधान किये जाने के संबंध में विवरण तथा सुझाव :—

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी रिपोर्ट में अंकन किया है कि उक्त धाराओं में दर्ज प्रकरणों के अनुसंधान के दौरान हस्तलिखित नमुने लिये जाकर जॉच हेतु एफ एस एल भिजवाये जा रहे है। इस न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए यह अंकन किया गया है कि सामान्यतया छल व कूट रचना से संबंधित आपराधिक प्रकरणों में यद्यपि अनुसंधान एजेंसी द्वारा आवश्यकतानुसार हस्तलिपि/हस्ताक्षर के नमूना लिया जाकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला से जॉच कराई जाती है, किन्तु ऐसे मामलों में यह अपेक्षित है कि अनुसंधान से यह प्रमाणित कराया जावे कि अमुक कूट रचना अमूक व्यक्ति द्वारा की गई है। अभिकथित हस्ताक्षर/हस्तलिपि जिन्हें प्रकरण के पीडित पक्ष द्वारा कूटरचित बताया जाता है, उनके संबंध में पीड़ित पक्ष के नमूना व अविवादित हस्तलिपि/हस्ताक्षर संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर यह तो प्रमाणित करा दिया जाता है कि विवादित हस्ताक्षर/हस्तलिपि पीड़ित की नहीं है किन्तु इस संबंध में अनुसंधान नहीं किया जाता है कि अभिकथित हस्ताक्षर/हस्तलिपि अभिकथित आरोपी की है, क्योंकि जब तक यह प्रमाणित नहीं कराया जाता कि अमुक कूटरचना अभिकथित आरोपी द्वारा की गई है, तब तक उसको कूटरचना कारित करने के संबंध में दोषसिद्व नहीं किया जा सकता । जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाडा उक्त तथ्यों की पालना सुनिश्चित कराने बाबत संबंधित थानाधिकारियों/अनुसंधान अधिकारियों को दिशा—निर्देश जारी करें।

21— न्यायालय की सुरक्षा के संबंध में समस्या एवं सुझाव, अन्य कोई समस्या एवं निराकरण के सुझाव :—

(1) वर्तमान में मुख्यालय पर स्थित जिला न्यायालय परिसर एवं मुख्यालय से बाहर स्थित न्यायालय परिसर की सुरक्षा हेतु समुचित प्रबंध नहीं हैं। न्यायालय परिसर के प्रत्येक गेट पर आरक्षी दल की व्यवस्था होना अपेक्षित है।

(2) पुलिस द्वारा अनुसंधानोपरांत जो नतीजा प्रस्तुत किया जाता है कि उसमें नतीजा प्रस्तुत किये जाने के कोई कारण अंकित नहीं होते, बल्कि किये गये अनुसंधान का विवरण अंकित करते हुये किस अपराध में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जाता है, यह अंकित कर दिया जाता है । जबकि यह अपेक्षित है कि कोई अपराध क्यों बनना पाया जाता है, इस संबंध में

अनुसंधान अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण विवेचन किया जाये। अतः पुलिस अधीक्षक भीलवाडा इस संबंध में समस्त थानाधिकारी/अन्वेषण अधिकारी को निर्देशित करावें।

(3) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष कार्यवाही हेतु विशेष पुलिस ईकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी का उपस्थित होना अपेक्षित है, किन्तु जिले के अधिकांश पुलिस थानों की ओर से कोई भी कार्मिक उपस्थित हो जाता है, जिसे उक्त अधिनियम के अनुसार कार्यवाही के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। अतः पुलिस अधीक्षक भीलवाडा को इस संबंध में सम्यक कार्यवाही कर व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

(4) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बालक/किशोर द्वारा कोई अपराध कारित किए जाने के सम्बन्ध में किशोर न्याय बोर्ड को जॉच की क्षेत्राधिकारित प्राप्त है। पुलिस द्वारा बोर्ड के समक्ष ऐसे बालकों/किशोर जो किसी अपराध के लिये निरूद्व किये गये हैं, पेश किये जाते समय उनकी आयु के संबंध में सम्यक दस्तावेज पेश नहीं किये जाते। अधिकांश मामलों में आधार कार्ड पेश किया जाता है जबकि उक्त अधिनियम की धारा 94 के अनुसार आधार कार्ड के आधार पर किशोर की उम्र निर्धारित नही की जा सकती। अतः सम्पूर्ण जिले में यह प्रक्रिया तय की जावे कि बोर्ड के समक्ष किसी बालक को उसकी आयु संबंधी सम्यक् दस्तावेज सहित ही पेश किया जावे।

(5) पुलिस द्वारा रिमाण्ड/अभियोग पत्र एवं परिवादी की हैसियत से प्रस्तुत किये जाने वाले परिवाद के संबंध में प्रायः यह दृष्टिगत होता है कि संबंधित द्वारा रिमाण्ड/अभियोग पत्र एवं परिवाद प्रस्तुत किये जाने से पूर्व आरोपी/गैर सायल की आयु के संबंध में कोई भी जांच नहीं की जाती है, जिससे अवयस्क व्यक्तियों को भी अभिरक्षा के लिये एवं अवयस्क के विरूद्व भी अभियोग पत्र/परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत कर दिये जाते हैं, जिसके संबंध में संबंधित अवयस्कता का तर्क लिये जाने पर न्यायालय को जॉच करनी होती है। अतः पुलिस अधीक्षक स्तर पर रिमाण्ड/आरोप पत्र/परिवाद प्रस्तुत किये जाने से पूर्व पार्श्विक आयु (marginal age) वाले आरोपी/गैरसायल की आयु के संबंध में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 94 के प्रावधानानुसार संबंधित की आयु सुनिश्चित किये जाने के उपरांत ही ऐसे आरोपी को रिमाण्ड के लिये या ऐसे आरोपी/गैरसायल के विरूद्व अभियोग पत्र/परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(6) न्यायालयों के समक्ष आरोपी को हथकडी लगाने की अनुमति बाबत जो भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होता है, प्रथम तो विहित प्रारूप में प्रस्तुत नहीं होता, द्वितीय उसमें विहित सूचनाओं की पूर्ति नहीं की जाती है, जबकि इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, अपराध शाखा, राजस्थान, जयपुर के पत्र कमांक सी.आई.डी./सी.बी./पीआरसी/परिपत्र/35/2012/5914–84 दिनांक 16.07.2012 द्वारा राज्य के समस्त पुलिस अधीक्षक को विहित प्रारूप में ही आवेदन पेश करने के लिये निर्देशित किया जा चुका है। अतः पुलिस अधीक्षक भीलवाडा को उक्त परिपत्र की पालना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

(7) महिलाओं का अशिष्ठ प्रतिरूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के प्रावधानों की पुलिस द्वारा सामान्यतया पालना नहीं की जाती है इसी प्रकार प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957 एवं पण्य चिन्ह अधिनियम, 1999 से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की विशेषज्ञ साक्ष्य एकत्रित नहीं की जाती।

(8) अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 के तहत दण्डनीय अपराध के संबंध में उक्त अधिनियम की धारा 13 में विहित विशेष पुलिस अधिकारी से निम्न पंक्ति के अधिकारी द्वारा कार्यवाही की जाती है एवं उक्त अधिनियम की धारा 15(6क) के अनुसार तलाशी के समय तलाशी लेने वाले विशेष पुलिस अधिकारी के साथ कम से कम दो महिला पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं, इसी प्रकार उक्त अधिनियम, 1956 के मामलों में पीडित स्त्री या लडकी को भी आरोपी बनाया जाता है, उक्त अधिनियम की धारा 19 के अनुसार कार्यवाही नहीं की जाती । पुलिस अधीक्षक द्वारा मामलों में उक्त प्रावधानों की पालना के लिए संबंधित को निर्देशित किया जा सकता है।

(9) पुलिस द्वारा आपराधिक मामलों के अनुसंधान के दौरान विनिर्दिष्ट प्रकरण के वजह सबूत के अतिरिक्त अपराध के संदिग्ध या चुराई हुई सम्पत्ति मानते हुए बहुसंख्यक जंगम सम्पत्ति (अधिकांशतः वाहन) को धारा 102 द.प्र.सं. के तहत जप्त करते हैं, किन्तु ऐसी जप्ती को विर्निदिष्ट प्रकरण की अनुसंधान पत्रावली में ही संलग्न कर आरोप पत्र/अंतिम प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत कर दिया जाता है, संबंधित न्यायालय को ऐसी जप्ती के बारे में सूचना ही नहीं दी जाती है, इस कारण संबंधित मूल प्रकरण के निस्तारण के समय भी धारा 102 द.प्र. सं. के तहत जप्त की गई जंगम सम्पत्ति का विधिनुसार निस्तारण नहीं हो पाता है, जबकि धारा 102(3) द.प्र.सं. के प्रावधानानुसार प्रत्येक अधिकारी, जिसके द्वारा धारा 102(1) द.प्र.सं. के तहत सम्पत्ति जप्त की गई है, क्षेत्राधिकार वाले मजिस्ट्रेट को तत्काल सूचना देने के लिये दायित्वाधीन है। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामलों में उक्त प्रावधानों की पालना के लिए संबंधित को निर्देशित किया जा सकता है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा Civil Appeal No. 9322 of 2022 in FAFO No. 3303 of 2018, Gohar Mohammad Versus Uttar Pradesh State Road Transport Corporation & ors में पारित निर्णय दिनांक 15.12.2022 की पालना सुनिश्चित करने बाबत् जिला पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा को दुर्घटना के मामलों में क्लेम बाबत् संबंधित न्यायालयों को FAR प्रेषित करने हेतु समस्त थानाधिकारीयों को उक्त निर्णयानुसार उचित कार्यवाही करने बाबत् निर्देश प्रदान किये गये।

भीलवाडा मुख्यालय पर न्यायालय परिसर

भीलवाडा मुख्यालय पर वर्तमान में किशोर न्याय बोर्ड को सम्मिलित करते हुए 29 न्यायालय कार्यरत है। भीलवाडा न्यायालय परिसर में निम्न न्यायालयों के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त परिसर नहीं है :–

1. श्रम न्यायालय
2. पारिवारिक न्यायालय संख्या–01, भीलवाड़ा
3. विशिष्ठ न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, भीलवाड़ा
4. मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय–2
5. विशिष्ठ न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) संख्या–01, भीलवाड़ा
6. विशिष्ठ न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) संख्या–02, भीलवाड़ा
7. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति.मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं. 02, भीलवाड़ा
8. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पूर्व
9. विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण सं. 1
10. विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण सं. 2
11. विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण सं. 3
12. विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण सं. 4
13. वाणिज्यिक न्यायालय
14. पारिवारिक न्यायालय संख्या–02, भीलवाड़ा

उपरोक्त न्यायालयो में से 7 न्यायालय के भवन (पारिवारिक न्यायालय संख्या–02, भीलवाड़ा, पोक्सो सं.1, पोक्सो सं. 2, विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट एन.आई. एक्ट प्रकरण सं. 1, 2, 3 व 4) किराए के परिसर में संचालित है। इसी कम में श्रम न्यायालय कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित की जा रही है। दिनांक 26.05.2021 को विधि एवं विधिक कार्य विभाग भीलवाडा द्वारा जारी अधिसूचना तथा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के कमांक 1262 दिनांक 04.06.2021 द्वारा भीलवाडा मुख्यालय पर वाणिज्यिक न्यायालय का सृजन किया गया है न्यायालय विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट, एन.आई.संख्या–1 को किराये के भवन में शिफ्ट किए जाने से वाणिज्यिक न्यायालय एवं कार्यालय को एन.आई.संख्या–1 के परिसर में संचालित किया जा रहा हैं। वर्तमान में कई संचालित न्यायालयों हेतु पर्याप्त व उपयुक्त परिसर नहीं है, न ही पार्किंग व अन्य सुविधाऐं समुचित है। न्यायालय एम.ए.सी.टी.संख्या–2 के न्यायालय के संचालन के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से जिला कलेक्ट्रट, परिसर में भवन उपलब्ध करवा दिया गया है। न्यायालय पारिवारिक न्यायालय संख्या–02 किराये के भवन में संचालित किया जा रहा है।

इसी के साथ भीलवाडा मुख्यालय पर न्यायालय एवं आवसीय भवन में आधारभूत सुविधाओं हेतु 50 बीघा भूमि के आवंटन हेतु कार्यवाही की गई, परन्तु वर्तमान में **राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर के पत्र कमांक भूमि/एफ.7(ड)(24)/डीएलबी/2018/18396, दिनांक 10.09.2021 से जिला न्यायालय परिसर हेतु 18.00 बीघा भूमि आवंटन की स्वीकृती प्रदान की गई है।**

उक्त भूमि आवंटन बाबत् एक रिट याचिका माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष पेश की गई है जो माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के तहत अध्यधीन हैं।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के पत्रांक लेखा/भवन/VII/C/2/75/भीलवाड़ा/401 दिनांक 22.07.2022 से संलग्न पत्र द्वारा प्रमुख शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग जयपुर का पत्रांक पं.27(8)न्याय/2019/पार्ट दिनांक 12.07.2022 द्वारा प्रमुख शासन सचिव, राजस्थव विभाग, जयपुर शासन सचिवालय, जयपुर को जिला एवं सेशन न्यायालय, भीलवाड़ा को ग्राम सांगानेर, भीलवाड़ा की आराजी नंबर 1344 रकबा 143–15 बीघा में से 50 बीघा भूमि व अन्य अतिरिक्त भूमि निःशुल्क आवंटन करने की कार्यवाही शीघ्र करवाकर की गई कार्यवाही से रजिस्ट्रार जनरल, माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर एवं प्रमुख शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग जयपुर को अवगत कराने से स्थानीय प्रशासन, भीलवाड़ा प्रमुख शासन सचिव, राजस्थव विभाग, जयपुर शासन सचिवालय, जयपुर से समन्वय स्थापित कर उक्त भूमि निःशुल्क आवंटन करने की शीघ्र कार्यवाही करें। **(कार्यवाही अपेक्षित– जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा तथा प्रमुख शासन सचिव, राजस्थव विभाग, जयपुर शासन सचिवालय, जयपुर)**

प्रस्ताव :–

1– वर्तमान में भीलवाड़ा मुख्यालय पर स्थित न्यायालय परिसर में न्यायालयों के लिए पर्याप्त व उपयुक्त परिसर नहीं है, सात न्यायालय किराये के परिसर में तथा दो न्यायालय कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित हो रहे हैं। न्यायालय भवनों की वर्तमान स्थिति एवं उनकी अपर्याप्तता तथा भविष्य में और न्यायालय खुलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए एवं न्यायालय परिसर में उपस्थित आने वाले पक्षकारान् व अधिवक्तागण की संख्या को देखते हुए, माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न विनिश्चयों से न्यायालयों एवं न्यायिक अधिकारियों के आवास की आधारभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा पत्र कमांक 18396, दिनांक

10.09.2021 को न्यायालय परिसर हेतु 18 बीघा भूमि के आवंटन की स्वीकृति को माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के अध्यधीन रिट याचिका रखा जाना उचित होगा।

Vulnerable Witness Deposition Centre (VWDC) स्थापित करने के क्रम में:–

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के पत्रांक III(i)(Bld)/Budget/Plan/VWDC/51/568 दिनांक 08/05/2023 द्वारा भीलवाड़ा मुख्यालय पर Vulnerable Witness Deposition Centre (VWDC) स्थापित करने हेतु कुल राशि 37.49 लाख (VWDC Room के निर्माण हेतु राशि 13.10 लाख, फर्नीचर के लिए राशि 13.53 लाख व VC Equipments के लिए राशि 10.86 लाख) आवंटित की गई है। जिसके संबंध में अधीक्षण अभियन्ता/ अधिषाशी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग (सिविल), भीलवाड़ा अध्यक्ष, Vulnerable Witness Deposition Centre Committee (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या–01), भीलवाड़ा से समन्वय स्थापित कर उक्त VWDC के कार्य हेतु कार्यवाही अपेक्षित है। **(कार्यवाही अपेक्षित– अधीक्षण अभियन्ता/ अधिषाशी अभियन्ता (सिविल) भीलवाड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, भीलवाड़ा तथा अध्यक्ष, Vulnerable Witness Deposition Centre Committee (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या–01), भीलवाड़ा)**

भीलवाड़ा मुख्यालय पर न्यायिक अधिकारी आवासीय परिसर

भीलवाड़ा मुख्यालय पर 29 न्यायालय है जिनके पीठासीन अधिकारियों के आवास के संबध में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा आवंटित बजट से 11 आवास निर्मित है, जिनमें टाईप–1 के पॉच, टाईप–2 के एक तथा टाईप–3 के पांच आवास निर्मित है। इसके अलावा दो भवन जिला पूल द्वारा ईयरमार्क है, जिनमें से एक भवन में श्रीमान् जिला न्यायाधीश महोदय व एक भवन में MACT-01 के पीठासीन अधिकारी के लिए ईयरमार्क है। पीठासीन अधिकारियों की संख्या और उनके स्तर को दृष्टिगत रखते हुए भीलवाड़ा मुख्यालय पर वर्तमान आंवासों के अतिरिक्त न्यायिक अधिकारियों के लिए 20 ओर आवासों की आवश्यकता है, जो श्रेणीवार निम्नलिखित है

क्र.सं.	आवास की श्रेणी	आवास संख्या
1.	स्पेशल टाईप–1	1
2.	टाईप–1	13
3.	टाईप–2	6

भीलवाडा मुख्यालय पर स्थित टाईप–3 के समस्त राजकीय आवासों में अनुकूल स्थान पर एक कमरा तथा एक गैराज अतिरिक्त का निर्माण कराने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग से प्रस्ताव बनवाया जाकर बजट मांग हेतु माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के समक्ष जरिये पत्रांक 131 दिनांक 18.12.2020 प्रेषित किया जा चुका है तथा वर्तमान में उक्त कार्यवाही माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय. जोधपुर से बजट आवंटन के स्तर पर लंबित हैं।

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र कमांक 916 दिनांक 12/11/2014 के अनुरूप वर्तमान में टाईप–3 मकान में रहने वाले अधिकारियो के आवास में अनुकूल स्थान पर एक कमरा तथा एक गैराज अतिरिक्त का निर्माण कराया जाकर टाईप– 2 स्तर के मकान के अनुरूप बनाया जाना जाकर टाईप–2 स्तर के आवासों में क्रमोन्नत किया जाना है।

